आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 10.10.2023
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी एस अशोक कुमार ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए द्वीपों की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर आयोजित साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- सेना की संवेदनशील सूचनाओं को कथित रूप से साझा करने के आरोप में एन.एस.आर.वाई में कार्यरत दो अनुबंधित कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी एफएम रेडियो के लिए विज्ञापन की दरों में सात वर्षों के बाद संशोधन किया है।
- येराटा जेट्टी में पान्टून लगाकर फेरी सेवाओं को दोबारा शुरू किया गया है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद ने विभिन्न स्थानों पर लम्बे समय से पार्किंग में खड़े वाहनों को सात दिनों के भीतर हटाने को कहा है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए द्वीपों की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का कल प्रधान मुख्य वन सरंक्षक डॉ. टी एस अशोक कुमार ने उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान में प्रतिदिन नए–नए बदलाव हो रहे हैं और बदलते वक्त के साथ अधिकारियों को भी नई जानकारी को ग्रहण करते रहना है। अंडमान निकोबार जैव विविधता के अनमोल संसाधनों से भरा हुआ है और यह इस द्वीपसमूह की प्राकृतिक सम्पदा को जानने का एक अवसर है। आपसी संवाद के ज़रिए प्रतिभागियों को नई चीज़ों को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि तटीय और समुद्री जैव विविधता के ज़रिए समुद्री प्रजातियों के बारे में जाना जा सकता है। समुद्री जीवों के प्राकृतिक आवास का खत्म होना एक बड़ा खतरा है। द्वीपों की पारिस्थितिकी बेहद संवेदनशील है और प्रदूषण या छोटा सा बदलाव से भी इसे काफी नुकसान पहुंच सकता है। समुद्र में होने वाली किसी घटना का बुरा प्रभाव इंसानों पर पडेगा और इससे द्वीपों के सामने खतरा

उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि वन विभाग इन खतरों से निपटने के लिए नियामक तय करने और नियंत्रण को लेकर कार्य कर रहा है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कमल दत्ता ने द्वीपों के इतिहास और यहां बसने की शुरूआत पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समुद्री जैव विविधता के अध्ययन के लिए द्वीपसमूह से बेहतर और कोई स्थान नहीं हो सकता। उन्होंने द्वीपों में सुनामी के कारण हुए बदलावों पर भी चर्चा की। तकनीकी सत्र के दौरान भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी डॉ सी शिवापेरूमन ने द्वीपों की जैव विविधता पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने भी संबंधित विषयों पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से इक्कीस अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान नियमित कक्षाओं के अलावा प्रतिभागियों को स्वराज द्वीप, महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, बाराटांग, बर्मानाला आदि स्थलों का भी दौरा कराया जाएगा।

<><><><><><><>

सेना की संवेदनशील सूचनाओं को कथित रूप से साझा करने के आरोप में एन.एस.आर.वाई में कार्यरत दो अनुबंधित कर्मचारियों को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता नामक एक व्यक्ति पर जेट्टी क्षेत्र में संदिग्ध राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर कारवाई करते हुए सी.आई.डी की केन्द्रीय अपराध शाखा ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी को आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा इस वर्ष मार्च में एन.एस.आर.वाई में नियुक्ति दी गई थी और उसने व्हाट्सऐप तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से संवेदनशील जानकारियों को आगे साझा किया। एक महिला ने आरोपी को अपने जाल में फंसा कर पैसे के बदले सुरक्षा एजेंसियों से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं देने को कहा था। कथित तौर पर करीब बीस हजार रूपये की एवज़ में कई मौको पर संवेदनशील सूचनाएं देने की बात कही गई है। आरोपी ने इस कार्य में अपने एक सहकर्मी शांतनु बिश्वास को भी शामिल कर लिया था, जो उसकी अनुपस्थिति में सूचनाएं दे सके। शांतनु पश्चिम बंगाल के नादिया ज़िले का रहने वाला है। पैसे के बदले शांतनु ने भी अभिषेक को सूचनाएं दी। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया है और वे अब पुलिस रिमांड में है। इस मामले में आगे की कड़ी का खुलासा करने और अन्य लोगों के भी इसमें शामिल होने का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी एफएम रेडियो के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो–सीबीसी विज्ञापन दरों को सात वर्षों के बाद संशोधित किया है। आधार रेट में तिरालीस प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। श्रोताओं की संख्या के आधार पर स्टेशनों के लिए शहरों की दरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस वर्ष सितंबर में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई दरों में दिसंबर दो हजार पन्द्रह से मार्च दो हजार तेईस की अवधि के लिए बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए आधार दर में तिरालीस प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। एफएम रेडियो विज्ञापन के लिए सकल आधार दर बावन से बढ़कर चौहत्तर रुपए प्रति दस सेकेंड हो जाएगा। इस समायोजन का उद्देश्य मौजूदा बाजार दरों के साथ समानता बनाए रखना है। सकल आधार दर में वृद्धि से देश में वर्तमान में कार्यरत चार सौ से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को भी लाभ होगा। निजी एफएम रेडियो स्टेशनों के लिए दर संरचना समिति की स्थापना पिछले वर्ष मंत्रालय द्वारा नई दरों का मूल्यांकन और सिफारिश करने के लिए की गई थी। इन दरों को अंतिम बार दो हजार पन्द्रह में संशोधित किया गया था। सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के लिए निजी एफएम रेडियो स्टेशनों पर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों की नई दरें, दर संरचना समिति की सिफारिशों के आधार पर तय की जाएंगी।

<><><><><><><>

येराटा जेट्टी के लगभग बीस सेंटीमीटर तक समुद्र की ओर खीसकने के बाद यहां से होने वाले जहाज़ों के संचालन को स्थगित किया गया था। पत्तन प्रबंधन बोर्ड ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया था। लोगों की सुविधा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को बनाए रखने के लिए नींबूतला और पोर्ट ब्लेयर से रोज़ाना लौंग आईलैंड के लिए फेरी की शुरूआत की गई है। रोज़ाना लोगों की आवाजाही को देखते हुए पत्तन प्रबंधन बोर्ड और जहाज़रानी सेवा निदेशालय के संयुक्त प्रयासों से जेट्टी पर पान्टून लगाकर फेरी सेवाओं को दोबारा शुरू किया गया है।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद की ओर से शहर में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने की कोशिशें की जा रही है। इस सिलसिले में परिषद ने वाहनों को खड़े करने के सभी स्थानों का उपयोग कर इनका कुशल प्रबंधन करने का फैसला किया है। ऐसा देखा गया है कि कई इलाकों में सभी प्रकार के पुराने वाहन लम्बे समय से पार्किंग स्थलों में अवैध रूप से खड़े हुए हैं। परिषद ने अब ऐसे वाहनों के मालिकों से सात दिनों के भीतर अपने वाहनों को पार्किंग से हटाने को कहा है। ऐसा न करने पर पार्किंग से वाहनों को

उठा लिया जाएगा और वाहन मालिक पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगेगा। लोगों के सहयोग से शहर में बेहतर पार्किंग सुविधा बना कर यातायात को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

मेरी माटी–मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज से बारह अक्तूबर तक दस स्थानों से मिट्टी इकट्ठा की जाएगी। आज डिगनाबाद उद्यान, हम्फ्रीगंज शहीद स्मारक और महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान वन्डूर तट पर अमृत कलश यात्रा का आयोजन होगा। कल कार्बाइंस कोव तट, मरीना पार्क, गांधी पार्क और सेल्यूलर जेल से यात्रा निकाली जाएगी। बारह अक्तूबर को बलिदान बेदी हम्फ्रीगंज, रंगाचांग तट और वीर सावरकर पार्क से अमृत कलश यात्रा निकलेगी। इन स्थलों से इकट्ठा की गई मिट्टी को अमृत वाटिका के निर्माण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फिजिकल एजुकेशन टीचर्स एसोसिएशन ने सेकेंडरी स्कूल जिरकाटांग के पी ई टी, जे.जय प्रकाश के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे छप्पन वर्ष के थे।

<><><><><><><>

गाराचरमा उप–केन्द्र में आज से लेकर सोलह अक्तूबर तक टेस्टिंग का जरूरी कार्य किए जाने के चलते पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के कई भागों में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक जरूरत के हिसाब से डेढ़ घंटे की बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शोध सम्मेलन का उद्घाटन करने के समाचार को–डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। आयुष्मान भव अभियान के तहत लिटिल अंडमान में प्रजनक बाल स्वास्थ्य शिविर में ढाई सौ से अधिक रोगियों के लाभान्वित होने के समाचार को–द्वीप समाचार ने पहले पन्ने में जगह दी है। अंडमान क्रोनिकल ने भी इसी खबर को प्रकाशित किया है। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग द्वारा तारीखों का ऐलान करने और इन सभी राज्यों में तीन दिसबंर को

मतगणना होने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है। एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों से प्रधानमंत्री की आज शाम मुलाकात करने के समाचार को–इंफो इंडिया ने अपने खेल पन्ने में प्रमुखता दी है। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को–अंडमान शिखा ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**